an>

title: Need to reintroduce Muradabad-Delhi Anand Vihar-Muradabad MEMU train.

श्री कँवर सिंह तँवर (अमरोहा) : सभापति जी मैं इस सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र अमरोहा के दैनिक रेल यात्रियों की समस्या की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं।

महोदय, पिछले वर्ष माननीय मंत्री जी ने हमारे अनुरोध पर मुरादाबाद-दिल्ली के बीच मेमू ट्रेन चलायी थी। इस ट्रेन के चलने से दैनिक रेल यात्रियों को काफी सुविधा मिली थी। इसके माध्यम से दैनिक यात्री कम समय में व कम खर्चे में आसानी से आ-जा रहे थे, परंतु यह मेमू ट्रेन मुश्किल से 15-20 दिन ही समय से चली। उसके बाद यह ट्रेन अपने निर्धारित समय से 3-4 घण्टे देरी से आने लगी। पिछले वर्ष दिसम्बर में इस ट्रेन को बन्द कर दिया गया, वह आज तक दोबारा चालू नहीं हुई है। जिसके कारण दैनिक रेल यात्रियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दैनिक यात्री समय पर अपने कार्यस्थल पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। यदि इस मेमू ट्रेन को बन्द ही करना था तो फिर इसे दो-तीन महीने क्यों चलाया गया। मैंने इस बारे में कई पत्र लिखे हैं तथा कई बार डी.आर. व अन्य अधिकारियों से भी इस बारे में बात की। परंतु आज तक यह ट्रेन दोबारा शुरू नहीं की गई, जिसके कारण यात्रियों में भारी रोश है। मेरे संज्ञान में लाया गया है कि मंडल स्तर के अधिकारियों के निजी बस मालिकों से सांठगांठ के चलते पहले इस ट्रेन को लेट किया जाता था तथा अब इसे दोबारा चलाने में देरी की जा रही है।

मेरा आपसे निवेदन है तथा रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि इस मामले की जांच करा कर मेमू ट्रेन को दोबारा चलवाने की कृपा करें, धन्यवाद।

माननीय सभापति :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र, और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री कँवर सिंह तँवर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।